
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 11 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**यह कैसा विकास



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 8 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 21.0° | 41243.39 | 2 अमेरिका ने भारत को दी धमकी | 7 गेंदबाजी की कमी बल्लेबाजी में पूरी की

# दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

## उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक में राज्यपाल ने सचिव को दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि सैनिक बाहुल्य राज्य उत्तराखंड में सैनिक और उनके आश्रितों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। राज्यपाल ने राज्य के समस्त दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों को राजभवन की ओर से प्रति सैनिक 5001 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सैनिक पुनर्वास संस्था को राज्य मे एक प्रभावी विजन, मिशन और सोच के साथ कार्य करना होगा। संस्था को स्व–उत्तरदायित्व के अगले स्तर पर पहुंचना होगा। इस दौरान राज्यपाल ने प्रमुख सचिव सैनिक कल्याण एल फैनई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था के लाभार्थियों जिनमें पूर्व सैनिक, वीर नारियां, सैनिक आश्रित और दिव्यांग सैनिक सम्मिलित हैं उनके पर्याप्त आंकड़े डिजिटल रूप से उपलब्ध करवाए जाए।

राज्यपाल ने कहा कि सैनिक पुनर्वास संस्था की एआइ इनेबल्ड एंड्राइड मोबाइल बेस्ड पोर्टल और वेबसाइट विकसित की जाए जिससे पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों का संपर्क सरलता से संस्था से हो सके। उन्होंने कहा कि वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही राज्यपाल ने वीरांगनाओं के कल्याण और पुनर्वास पर विशेष जोर देने की बात कही। राज्यपाल ने राज्य के समस्त दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों को राजभवन की ओर से प्रति सैनिक 5001 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने हेतु सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा को निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था का पूरी तरह आधुनिकीकरण किया जाना चाहिए।

इस मौके पर प्रमुख सचिव एल फैनई , राज्यपाल के सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक राजभवन डा. तृप्ति श्रीवास्तव, उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### हिम प्रहरी योजना में योगदान पर विचार करे संस्था

राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार तथा सैनिक पुनर्वास संस्था द्वारा संचालित योजनाओं के समन्वय की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आरंभ की जा रही हिम प्रहरी योजना में सैनिक पुनर्वास संस्था क्या योगदान दे सकती है इस पर विचार किया जाए।



### राज्यपाल जल्द करेंगे कृषि भूमियों का निरीक्षण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) जल्द ही उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की कृषि भूमियों का निरीक्षण करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि संस्था की 1423 एकड़ भूमि का अधिकतम सदुपयोग किया जाना चाहिए। इन पर एरोमेटिक, मेडिसिनल हर्बस तथा आर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने इस पर एक ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### जिलों में सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोलने के करें प्रयास

राज्यपाल ने संस्था को निर्देश दिए कि राज्य के प्रत्येक जनपद में सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोलने के प्रयास किए जाए। इसके लिए तात्कालिक रूप से विद्यालयों के खेल मैदानों का प्रयोग किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक पुनर्वास संस्था को प्रयास करने होंगे कि राज्य के बहुसंख्यक भूतपूर्व सैनिकों की राज्य में जैविक खेती, नेचुरल फार्मिंग, फारेस्टेशन, सीमांत क्षेत्रों में रिवर्स पलायन मे किस प्रकार गेमचेंजर की भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की बेटियों की एनडीए, सैनिक सेवाओं तथा अन्य प्रतिष्ठित केंद्रीय व राज्य सरकार की सेवाओं में किस प्रकार भागीदारी बढ़े इसके लिए सैनिक पुनर्वास संस्था को भी प्रयास करने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश में सभी के सभी 24 मंत्रियों ने दे दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमरावती। आंध्र प्रदेश की पूरी कैबिनेट ने इस्तीफा दे दिया है। राज्य में 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले ये बड़ा फेरबदल है। गुरुवार को कुल 24 मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सीएम जगन मोहन रेड्डी को सौंप दिया। जगन मोहन पूरी कैबिनेट को बदलने की तैयारी में हैं। इसी को देखते हुए इस्तीफा लिया गया है। गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के बाद सचिवालय में सभी मंत्रियों ने मुख्यमंत्री जगन मोहन को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री जाएंगे अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता होनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि विदेश मंत्री डाक्टर एस जयशंकर इसी महीने के 11 से 12 अप्रैल को अमेरिका का दौरा करेंगे। यह वार्ता 11 अप्रैल को वाशिंगटन डीसी में होगी।

# आतंकवाद और शत्रुता मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की

## संसद में भारत की पाकिस्तान को दो–टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद और शत्रुता मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। सरकार ने गुरुवार को संसद में कहा कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी की तरह संबंधों की इच्छा रखता है लेकिन इसके लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है।

**जिम्मेदारी पाकिस्तान पर...**

वी. मुरलीधरन ने कहा कि सरकार का पहले से ही नजरिया रहा है कि भारत पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी की तरह संबंध चाहता है। भारत आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन इस तरह का अनुकूल माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर निर्भर करती है।

**भारत ने आतंकी कैंपों को बनाया था निशानाः** सनद रहे कि भारत ने पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में फरवरी 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश–ए–मोहम्मद के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाया था। भारत की एयर स्ट्राइक में कई आतंकी मारे गए थे।

**द्विपक्षीय व्यापार भी कर दिया था निलंबितः** यही नहीं जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद–370 हटाने और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद संबंध और खराब हो गए थे। अगस्त 2019 में पाकिस्तान ने भारत से द्विपक्षीय व्यापार को भी निलंबित कर दिया था। हालांकि बाद में कुछ फार्मास्युटिकल उत्पादों के व्यापार की अनुमति देकर व्यापार पर प्रतिबंधों में आंशिक रूप से ढील दी थी।

**बातचीत तभी जब शांति कायम रहेः** भारत सरकार का शुरू से मानना रहा है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं जारी रह सकते हैं। हाल ही में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी हो सकती है जब बंदूकें शांत होंगी।

### मांगा गया था सरकार का पक्ष

विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन से राज्यसभा में मीडिया रिपोर्टों पर पक्ष रखने की मांग की गई थी जिनमें कहा गया है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के सलाहकार ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को फिर से शुरू किए जाने का समर्थन किया है।

# यूएन में वोटिंग से पहले रूस ने खेल दिया उल्टा दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच वहां के कई इलाकों से खौफनाक तस्वीरें सामने आ रही हैं। खासकर बूचा से सामने आई खौफनाक तस्वीरों ने दुनिया में खलबली मचा दी है और रूस के खिलाफ युद्ध अपराधों के लिए मुकदमा और कठोर पाबंदी लगाने की मांग की गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के खिलाफ प्रस्ताव पर मतदान होना है। लिथुआनिया ने बिना उकसावे के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए रूस को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से बेदखल करने का प्रस्ताव पेश किया है। वोटिंग को लेकर भारत का क्या रूख रहता है इस पर भी नजर है। वहीं इस बीच बूचा नरसंहार को लेकर रूस ने उल्टा दांव खेल दिया है।

भारत में रूसी दूतावास की ओर से कहा गया है कि बूचा में जघन्य हमला द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी अपराधों के बुरे सपनों को वापस लाया है। रूस इस अपराध में शामिल लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ता से खड़ा है। मुख्य चुनौती वास्तव में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना है। रूसी दूतावास की ओर से कहा गया कि अफसोस की बात है कि मॉस्को के खिलाफ अब तक बड़े पैमाने पर खोखले आरोप लगे हैं, जबकि इस बात के सबूत हैं कि वास्तव में एक सनकी झूठा ऑपरेशन था जिसे कीव ने ही अंजाम दिया था। जब हम न्याय चाहते हैं तो इस सबूत को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

यूक्रेन के बूचा में काफी संख्या में शव मिलने से जुड़ी घटना पर भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम इन हत्याओं की निंदा करते हैं। हम इस घटना की स्वतंत्र जांच कराने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत का रुख राष्ट्रीय विश्वास एवं मूल्यों, राष्ट्रीय हितों और राष्ट्रीय रणनीति के तहत निर्देशित है।

### करतूत

■रूस पर बूचा को लेकर लगे झूठे आरोप


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चीन की लद्दाख में फिर काली करतूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और लद्दाख में अपने काले कारनामों को करने के लिए अभी तक उतारू है। इस बीच चीनी हैकरों ने लद्दाख के पावर ग्रिड को बाधित करने का आज प्रयास किया है। केंद्रीय बिजली और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने गुरुवार को बताया कि लद्दाख के पास बिजली वितरण केंद्रों को लक्षित करके चीनी हैकरों द्वारा किए गए प्रयासों को सफलतापूर्वक अवरुद्ध कर दिया है।

हैकरों द्वारा केंद्र शासित प्रदेश में बिजली वितरण को लक्षित करने वाले साइबर हमले के दो प्रयास किए गए। अगस्त और मार्च के बीच लद्दाख के पास पावर ग्रिड पर साइबर हमले का दावा करने वाली मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, सिंह ने कहा, ष्चीनी हैकरों द्वारा लद्दाख के पास बिजली वितरण केंद्रों को निशाना बनाने के दो प्रयास किए गए लेकिन सफल नहीं हुए। मंत्री ने आगे कहा कि साइबर हमलों का मुकाबला करने के लिए रक्षा प्रणाली को मजबूत किया गया है।

### पावर ग्रिड को बाधित करने के लिए हैकरों की साजिश हुई नाकाम